कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 29.04.2025

विषयः-आईपीएल में सट्टा लगाने वाले सट्टोरी गिरोह के 07 सदस्य थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, सट्टे में इस्तेमाल किये जा रहे कुल 10 मोबाइल फोन, 02 कैलकुलेटर एवं 02 नोटबुक बरामद, पकडे गए सट्टोरियों के विरुद्ध उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट में अवैध क्रियाकलापों की रोकथाम एवं युवाओं को जुए की लत से बचाने हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 29.04.2025 को आईपीएल में सट्टा लगाने वाले गिरोह के 07 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनाक 29.04.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना स्थानीय क्षेत्र में कुछ लोग आईपीएल के नाम पर सट्टा लगाकर जुआ खेल रहे हैं तथा लोगों को जुए की बुरी लत लगाकर उनके साथ हार जीत की बाजी लगाते हुए पैसे वसूल रहे हैं। उपरोक्त सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा सतर्कता बरतते हुए दबिश दी गयी। मौके से कुल 07 व्यक्तियों को जुए के पैसों, नोटबुक, कैलकुलेटर व मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग/ आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 0140/2025 धारा 318 (4) बीएनएस व 3/4 जुआ अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. विश्वजीत सिन्हा पुत्र स्व0 बनारसी लाल सिन्हा नि0- डी-7/37 सरकन्दगली दशाश्वमेध वाराणसी उम्र-50
2. राजेश सिन्हा पुत्र स्व0 बनारसी लाल सिन्हा नि0- डी-7/37 सरकन्दगली दशाश्वमेध वाराणसी उम्र-48
3. दीपू सिन्हा पुत्र स्व0 बनारसी लाल सिन्हा नि0- डी-7/37 सरकन्दगली दशाश्वमेध वाराणसी उम्र- 46
4. विकास सोनकर पुत्र स्व0 नत्थु लाल सोनकर नि0- बडी गैबी विरदोपुर थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र-31
5. दीपक केशरी पुत्र स्व0 किशन लाल केशरी नि0- एन 16/14 बडी गैबी थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र-36
6. विष्णु सेठ पुत्र रामनरायण सेठ नि0- एन 12/236 डी-8 जक्खा जज कालोनी बजरडीहा भेलूपुर वाराणसी उम्र-35
7. संजय कुमार पुत्र स्व0 सोहन लाल नि0- बडी गैबी थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र- 51

गिरफ्तारी का दिनांक एवं घटनास्थल - दिनांक 29.04.2025 को विश्वजीत सिन्हा का मकान के ऊपर का खुला भाग, छित्तूपुर खास, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी-

1. 08 अदद एन्ड्राइड टच स्क्रीन मोबाइल, 02 अदद कीपैड मोबाइल बरामद।
2. 02 कैलकुलेटर, 02 अदद नोटबुक बरामद।

विवरण पूछताछ

पकड़े गए अभियुक्तगण से पूछताछ पर बता रहे हैं कि साहब हमलोग आईपीएल मैचों में सट्टा लगाते हैं तथा हर मैच में खिलाड़ियों व रनों पर पैसे लगाकर जीत हार की बाजी लगाते हैं। जो सट्टे में जीतता है उसको जीत के पैसे दे दिये जाते हैं। सर हमलोग हर्षित खान चन्दानी नि0- पी0डी0आर0 गोदोलिया के निर्देश में ही सट्टा लगाते है एवं इन्हीं से हम लोग जुड़े हैं यही हम लोगों को ओला वेट पर आईडी भेजते हैं तथा हम लोग कमीशन पर आगे जिस किसी को आईपीएल मैच खेलना है सट्टा लगवाकर खिलाते हैं। हम अपने कार्य की रिपोर्टिंग हर्षित खान चन्दानी को ही देते है। सट्टा खिलाने का 10 प्रतिशत कमीशन हमलोगों को मिलता है। हमलोग मात्र एडवांस के रूप में कैश सट्टा के तौर पर लगाते हैं, जबकि सट्टे का अधिकांश हिस्सा आनलाइन के रूप में लेन देन होता है। अभी तक हमलोगों ने आईपीएल सट्टे में करोड़ो रुपये लगाए हैं तथा कई लोगों को सट्टा खिलाए हैं। कम समय में अधिक पैसे कमाने की लालच में पड़कर हमलोग सट्टा खेल रहे थे। हमें माफ कर दीजिए।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सौरभ कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी बीएचयू, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. प्र0उ0नि0 सिद्धान्त राय , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. का0 प्रमोद कुमार , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
5. का0 मनोज सिंह , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
6. का0 अमित शुक्ला , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
7. का0 पवन यादव , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
8. का0 कृष्णकान्त पाण्डेय , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
9. का0 सुरज सिंह, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।